**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 19.09.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।
2. अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तट स्वच्छता दिवस के अवसर पर द्वीप समूह के विभिन्न स्थानों पर विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित हुए।
3. द्वीपसमूह के स्कूली विद्यार्थियों के लिए राज्यस्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन किया गया।
4. श्री विजयपुरम में कल फिट इंडिया मूवमेंट के तहत 'संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम आयोजित होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन में भारत का योगदान वैश्विक औसत के आधे से भी कम है। आज नई दिल्ली में 'पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले बारह वर्षों में भारत ने पर्यावरण से संबंधित हर क्षेत्र में असाधारण प्रगति की है। श्री मोदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भारत अन्य देशों के साथ मिलकर लगातार काम कर रहा है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह में आज अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तट स्वच्छता दिवस–2026 के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारतीय तटरक्षक बल के क्षेत्रीय मुख्यालय द्वारा श्री विजयपुरम के कॉर्बिन्स कोव बीच पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। वहीं, मध्य अंडमान के रंगत स्थित रामन बगीचा में 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर' अभियान के तहत विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभागीय वन अधिकारी, मध्य अंडमान द्वारा पंचायती राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों और स्थानीय समुदाय के सहयोग से किया गया। इस दौरान करीब सत्तावन किलोग्राम कचरा एकत्र कर अलग–अलग करने के बाद आगे के निस्तारण के लिए ग्राम पंचायत निंबूतला को सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। स्वच्छता अभियान का उद्देश्य समुद्र तटों की स्वच्छता, समुद्री एवं तटीय पर्यावरण के संरक्षण तथा समुद्री कचरे की समस्या के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में एक सौ पच्चीस से अधिक लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में आज राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग के उपनिदेशक (विज्ञान) द्वारा आयोजित संगोष्ठी का विषय "इंडियन एनर्जी बास्केट 2047 : संभावनाएं और चुनौतियां" था। कार्यक्रम में द्वीपसमूह के तीनों जिलों के छह विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने विषय पर प्रस्तुतियां दीं और प्रश्नोत्तर सत्र में हिस्सा लिया। दक्षिण अंडमान जिले के नेवी चिल्ड्रन स्कूल, मिनी बे के सिद्धांत नांबियार को विजेता घोषित किया गया, जबकि मध्योत्तर अंडमान जिले के जी एस एस केरालापुरम के अभिनव नायर उपविजेता रहे। विजेता सिद्धांत नांबियार अब 30 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के विज्ञान सेमिनार में अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के कन्यापुरम ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर के. पी.–01 में आज नवनिर्मित बस स्टॉप का उद्घाटन किया गया। सात लाख सतासी हजार छ सौ इक्कीस रुपये की लागत से निर्मित इस बस स्टॉप का उद्घाटन अंडमान–निकोबार प्रशासन में ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थाओं और शहरी

स्थानीय निकायों के निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं को मजबूत करने और सुरक्षित तथा बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने की प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई। नवनिर्मित बस स्टॉप में दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यह दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों और कामगारों के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात सुविधा उपलब्ध कराने में सहायक होगा। उद्घाटन के बाद 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। साथ ही, 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में कल फिट इंडिया मूवमेंट के तहत 'संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भारतीय खेल प्राधिकरण के श्री विजयपुरम स्थित प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पत्रकार और मीडिया प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में साइकिलिंग, शारीरिक सक्रियता, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। साइकिल रैली सुबह सात बजे नेताजी स्टेडियम से शुरू होकर फ्लैग प्वाइंट तक जाएगी और वापस नेताजी स्टेडियम लौटेगी। 'संडेज ऑन साइकिल' पहल की शुरुआत दिसंबर 2024 में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत की गई थी। आयोजकों के अनुसार, यह पहल देशभर में फिटनेस और साइकिलिंग को बढ़ावा देने का माध्यम बन रही है।

<><><><><><>

पुडुचेरी विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति और सी बी सी एस पाठ्यक्रम के तहत विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाएं नवंबर–दिसंबर 2026 में श्री विजयपुरम स्थित अंडमान कॉलेज में आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं में शामिल होने के इच्छुक पात्र पूर्व विद्यार्थियों का पंजीकरण 5 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसके लिए विद्यार्थी कार्यालय समय के दौरान अंडमान कॉलेज के परीक्षा प्रकोष्ठ से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

चेन्नई से आ रहे एम वी स्वराजद्वीप के 21 सितंबर को सुबह 9 बजे श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। जहाज में कुल पांच सौ इक्हत्तर यात्री सवार है। जहाज हैड्डो जेट्टी पर लगेगा।

यह जहाज 24 सितंबर को सुबह 10 बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा। अतिरिक्त सामान की लोडिंग 23 सितंबर को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक की जाएगी। वहीं, यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य जहाज रवानगी के दिन सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच किया जाएगा।

<><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष पी. कन्नन के नेतृत्व में महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने कल मुख्य सचिव से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव को द्वीप समूह के मुख्य सचिव का पदभार संभालने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल ने जी.बी. पंत अस्पताल में पर्याप्त संख्या में जूनियर रेजिडेंट (डॉक्टरों) की नियुक्ति की मांग भी मुख्य सचिव के समक्ष रखी। विशेष रूप से अस्पताल के क्लिनिकल विभागों में पर्याप्त जूनियर डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई, ताकि मरीजों को बेहतर उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। मुख्य सचिव ने प्रतिनिधिमंडल की मांग को सुना और इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><>